# मुख्यमंत्री फैलोशिप प्रोग्राम (CMFP)-2025 के तहत आवेदन करने के लिए सामान्य दिशा–निर्देश

1. आवेदक निम्नलिखित माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है:–
   - एसएसओ पोर्टल के माध्यम से
   
   [SSO Portal>SSO login>Citizen Apps (G2C)> Chief Minister Fellowship Program]
2. यह केवल एक फैलोशिप कार्यक्रम है और भविष्य में किसी भी प्रकार का रोजगार या किसी रोजगार की गारण्टी प्रदान नहीं करता है।
3. मुख्यमंत्री फैलोशिप प्रोग्राम (CMFP) की गाइडलाइन, फैलोशिप के लिए पात्रता मानदण्ड, चयन की प्रक्रिया, स्टाईपेण्ड और अन्य विवरण विभागीय वेबसाइट http://cmfp.rajasthan.gov.in व http://statistics.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं।
4. ऑनलाइन आवेदन हेतु लिंक दिनांक 24.09.2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक 08.10.2025 को रात 11:59 बजे बंद हो जायेगा।
5. आवेदकों को अन्तिम तिथि से पहले ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है। आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय तकनीकी या कनेक्टिविटी संबंधी किसी भी कारण से ऑनलाइन आवेदन में हुई देरी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
6. आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन को अन्तिम रूप से सबमिट करने से पूर्व उसकी दोबारा जाँच कर पुष्टि कर लेवें। अन्तिम रूप से सबमिट करने के पश्चात ना तो ऑनलाइन आवेदन में कोई संशोधन किया जा सकेगा और ना ही पुनः आवेदन किया जा सकेगा।
7. आवेदकों को समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के समय अपनी आयु, शैक्षणिक योग्यता और अनुभव इत्यादि से सम्बन्धित साक्ष्य के रूप में प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।
8. उम्मीदवार का चयन उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए पात्रता दस्तावेजों, समूह चर्चा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।
9. कार्यक्रम से संबंधित अन्य सभी मानदण्ड कार्यक्रम की गाइडलाइन के अनुसार होंगे।
10. अपूर्ण और विलम्ब से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
11. सम्पर्क सूत्र–

    (क) फोन नम्बर: 0141–2850229 (सभी कार्य दिवसों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हेल्प डेस्क)।

    (ख) पत्राचार के लिए पता: कमरा नं.–211, द्वितीय तल, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, नॉर्थ ब्लॉक, योजना भवन, तिलक मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर (राज.)।

    (ग) ई–मेल: cmfp.des@rajasthan.gov.in

.........................................................